
हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी
अनमोल वचन
खुश रहने का मतलब ये नहीं कि सब कुछ ठीक है
इसका मतलब ये है कि आपने आपके दुखों से उपर उठकर जीना सीख लिया है!!
शनिवार 21 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 51 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## बजट सत्र में गूंजा विद्यालय भवन निर्माण में अनियमितता का मुद्दा बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट,, बिहारशरीफ (नालंदा) ।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा सदन में जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में प्राथमिकताओं की अनदेखी की जा रही है, जिससे छात्रों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

सदन को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि जिन क्षेत्रों में विद्यालय भवन की अत्यंत आवश्यकता है, वहां निर्माण कार्य नहीं हो रहा है, जबकि जहां अपेक्षाकृत कम आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की संख्या अधिक है, वहां सबसे पहले भवन निर्माण सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और समुचित शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

विधायक ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी और संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी 'सम्वेद' की कथित मिलीभगत के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है।




डॉ. सुनील कुमार ने सदन के माध्यम से सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि निर्माण कार्यों की प्राथमिकता विधायक की अनुशंसा के आधार पर तय की जाए और निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की भी मांग की।

अपने वक्तव्य के अंत में विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुदृढ़ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और मजबूत बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम के सख्त निर्देश, अस्पतालों में मुफ्त भोजन, साफ–सफाई और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट ।** बिहारशरीफ (नालंदा)। कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिहार सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक के लोगों को हर हाल में पहुंचाया जाए।

डीएम ने निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा अस्पतालों की साफ–सफाई की व्यवस्था हर स्थिति में सुनिश्चित की जाए। जरूरतमंद मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

**टीवी स्क्रीन पर चिकित्सकों की जानकारी**

मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों का नाम, मोबाइल नंबर एवं ड्यूटी रोस्टर टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को सुविधा मिल रही है तथा चिकित्सकों की अनुपलब्धता संबंधी शिकायतों में कमी आई है।

**डेली मॉनिटरिंग मैट्रिक्स से बढ़ी निगरानी**

स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी के लिए 'डेली मॉनिटरिंग मैट्रिक्स' लागू किया गया है। इसके तहत प्रतिदिन एक्स–रे, ईसीजी, नेत्र जांच, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, सीटी–स्कैन, मरीजों के बेडशीट परिवर्तन, शौचालय की सफाई, भोजन एवं दवाओं की उपलब्धता की जांच की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित कार्यों के फोटोग्राफ प्रतिदिन "DMG Health Nalanda" ग्रुप में साझा किए जाएं, ताकि जिला स्तर पर संस्थानवार विश्लेषण हो सके।



**खराब मशीनों की मरम्मत से सेवाओं में सुधार**

डीपीएम (स्वास्थ्य विभाग) ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करायपरसुराय में महीनों से खराब पड़ी सीबीसी मशीन को 24 घंटे के भीतर ठीक कराया गया। गिरियक में ईसीजी मशीन तथा इस्लामपुर में एक्स–रे मशीन को भी दुरुस्त किया गया। सदर अस्पताल में पैथोलॉजी सुविधाओं को बढ़ाया गया है। इन कदमों से स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार देखा गया है।

**मॉडल अस्पताल की उपलब्धियां**

अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं को स्टैंडी के माध्यम से प्रदर्शित करने से आम जनता का विश्वास बढ़ा है। हाल के आंकड़ों के अनुसार—

286 मरीजों का अपेंडिक्स, हाइड्रोसील, लिपोमा, सिस्ट, हर्निया, यूटरस आदि का मेजर एवं माइनर ऑपरेशन। 126 महिलाओं का सिजेरियन प्रसव। 580 मरीजों की नेत्र जांच, जिनमें 16 मोतियाबिंद ऑपरेशन। 384 दंत उपचार। 476 ईसीजी। 3190 एक्स–रे। 507 अल्ट्रासाउंड। 496 सीटी–स्कैन। 104 बंध्याकरण ऑपरेशन। ईएनटी विभाग में 842 मरीजों का उपचार।

बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता, डीपीएम (स्वास्थ्य विभाग) एवं डीएस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए नियमित समीक्षा जारी रहेगी।







# 2025 में पृथ्वी ने 420 मिलियन टन ग्लेशियर खो दिए – राजीव रंजन भारती, माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को वितरित किए गए 390 पौधे

**केशववाणी , रानी सिन्हा की रिपोर्ट,**
नूरसराय (नालंदा)। डायट नूरसराय में जिले के माध्यमिक विद्यालयों के सामाजिक विज्ञान के 130 शिक्षकों का पांच दिवसीय आवासीय एफएलएन (थ्स्छ) प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण समापन से पूर्व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए "मिशन हरियाली नूरसराय" की ओर से सभी शिक्षकों को निजी भूमि पर पौधरोपण के लिए कुल 390 पौधे निःशुल्क वितरित किए गए।

पौधों में 130 अमरूद, 130 कटहल और 130 महोगनी के पौधे शामिल थे। इस अवसर पर मिशन हरियाली नूरसराय के संस्थापक राजीव रंजन भारती ने पर्यावरणीय संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि आज मानव प्रकृति से दूर होता जा रहा है। उन्होंने कहा, "हम हाथ में कुल्हाड़ी लेकर छांव खोज रहे हैं, नदी–तालाब मिटाकर वाटर पार्क ढूंढ रहे हैं। यही वर्तमान जीवनशैली की विडंबना है।"

उन्होंने कहा कि मानव इतिहास में चुनौतियां हमेशा रही हैं, लेकिन आज वैश्विक तापमान में वृद्धि और मौसम चक्र में बदलाव जैसी समस्याएं गंभीर रूप ले चुकी हैं। राजीव रंजन भारती ने दावा किया कि वर्ष 2025 में पृथ्वी ने 420 मिलियन टन ग्लेशियर खो दिए हैं, जो अत्यंत चिंताजनक संकेत है।



उन्होंने कहा कि यदि जंगल समाप्त हो जाएंगे, ग्लेशियर पिघल जाएंगे और अन्य जीव–जंतु विलुप्त हो जाएंगे, तो मानव अस्तित्व भी संकट में पड़ जाएगा। इस समस्या के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।व्याख्याता संगम भारती ने कहा कि वृक्ष स्थिरता और धैर्य का प्रतीक हैं। वे तमाम विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी मानव और प्रकृति के हित में खड़े रहते हैं। इसलिए वृक्षों की रक्षा और अधिकाधिक पौधरोपण समय की मांग है।

प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने प्राप्त पौधों को रोपित करने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरफराज आलम, विनय प्रकाश, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार, पी. सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत 16 मामलों की सुनवाई

## कई मामलों का मौके पर निष्पादन

**केशववाणी , रानी सिन्हा की रिपोर्ट,**
बिहारशरीफ (नालंदा)। कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में कुल 16 मामलों की सुनवाई की गई।

सुनवाई के दौरान कुछ मामलों का निस्तारण संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा पूर्व में ही कर दिया गया था, जबकि शेष मामलों में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा जिन प्रमुख मामलों का निष्पादन किया गया, उनमें अमिरक कुमार की गबन एवं अनियमितता संबंधी शिकायत, इंद्रजीत कुमार की सोरा. डीह सड़क मरम्मत से जुड़ी समस्या, राकेश प्रसाद की राशन कार्ड निर्माण संबंधी शिकायत तथा चंदन कुमार के भूमि विवाद का मामला शामिल है।

इसी प्रकार विनोद प्रसाद की वकास्त भूमि के रैयतीकरण में विलंब, नवीन कुमार सिंह की जीएसटी विभाग बिहारशरीफ से संबंधित शिकायत, शक्ति नंदन एवं रवि कुमार की पईन को अतिक्रमण मुक्त कराने से जुड़ी शिकायतें, धर्मवीर प्रसाद का अतिक्रमण हटाने का मामला तथा शशि प्रकाश सिन्हा की पद के दुरुपयोग संबंधी शिकायत का भी निष्पादन किया गया।

लक्ष्मी नारायण सिंह द्वारा श्मशान घाट में सरकारी भवन निर्माण से संबंधित शिकायत, डॉ. सत्येंद्र प्रसाद की महाविद्यालय संचालन में वरीय शिक्षक को प्रभार देने की मांग, रामनाथ सिंह की कार्रवाई नहीं होने संबंधी शिकायत तथा धनंजय कुमार की सिंचाई हेतु पईन पर गलत अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने वाले कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग का भी समाधान किया गया।

वहीं, रिया कुमारी द्वारा फर्जी राशन कार्ड निरस्तीकरण तथा मो. मोइन उद्दीन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित मामलों में अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर आगे बढ़ा दिया गया।

इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिक. ारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने बताया कि लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नियमित रूप से सुनवाई की जा रही है।

## नालंदा की विरासत

# मलमास मेला में स्नान करना माना जाता है शुभ, ढाई साल पर लगता है मलमास मेला, मेले के दौरान नहीं होते हैं शुभ कार्य

**मलमास मेला**


## मलमास मेले में तैंतीस कोटि देवी–देवता रहते हैं राजगीर में विराजमान

***अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी***
राजगीर (नालंदा)। राजगीर में ढाई साल पर लगने वाले मलमास मेला का काफी महत्व है। इस मेले को पुरुषोतम मास(अधिकमास) भी कहा जाता है।

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय जी बताते हैं कि सनातन धर्म के इस मलमास मेले में तैंतीस कोटि देवी–देवता राजगीर में ही विराजमान होते हैं। इस कारण बहुत बड़े शुभ कार्य इस मेले की अवधि के समय में नहीं होते हैं। शुभ कार्यों को अशुभ माना जाता है। वहीं मेले में कुंड स्नान का काफी महत्व होता है।

लोग लाखों की संख्या में देश व विदेश से यहां पर कुंड स्नान करने आते हैं। साथ ही वैतरणी नदी के पास श्रद्धालु लोग पिंड दान भी करते हैं। इस मेले के दौरान गाय की पूंछ को पकड़कर वैतरणी नदी को पार करना काफी शुभ माना जाता है।

डॉ. उपाध्याय ने बताया कि इस साल भी मलमास मेला लगने वाला है।इसकी तैयारी अभी से ही पंडा कमेटी व प्रशासन कर रही है। राजगीर तपो भूमि रही है।





हमारी संस्कृति विश्व की जननी रही है। एक माह तक चलने वाले मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए सर्कस, मौत का कुंआ, मीना बाजार सहित अनेक प्रकार की प्रदर्शनी लगायी जाती है।

साथ ही लोगों के ठहरने के लिए यात्री शेड भी बनाया जाता है। मेले के दौरान सरस्वती व वैतरणी नदी में महाआरती कराने की परंपरा रही है। इसमें सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# इसलामपुर में कांग्रेस का 'संगठन सृजन अभियान' शुरू गांव-गांव जाकर होगी कार्यकर्ताओं से सीधी बातचीत

**केशववाणी । अमर वर्मा की रिपोर्ट,**

इसलामपुर (नालंदा)। इसलामपुर नगर स्थित प्रखंड कांग्रेस कमिटी कार्यालय में शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षक रणविजय सिंह द्वारा 'संगठन सृजन अभियान' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदान केंद्र स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाना है। एआईसीसी के सचिव सह मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पर्यवेक्षक रणविजय सिंह ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तथा संगठन मह. ासचिव के. सी. वेणुगोपाल की स्पष्ट सोच है कि संगठन का निर्माण अब बंद कमरों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद के माध्यम से होगा। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों की टीम जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों और प्रखंडों का दौरा करेगी। इस दौरान पुराने और नए कार्यकर्ताओं, युवा कांग्रेस, सेवा दल और वरिष्ठ नेताओं से विचार–विमर्श किया जाएगा। गांव–गांव जाकर कार्यकर्ताओं की राय ली जाएगी और उसी आधार पर संगठनात्मक निर्णय लिए जाएंगे। रणविजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जहां वर्तमान जिलाध्यक्ष बेहतर कार्य कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं का समर्थन प्राप्त है, उन्हें पुनः जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं, यदि कार्यकर्ता बदलाव चाहते हैं तो उस पर भी गंभीरता से विचार होगा। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष को इतना सशक्त बनाया जाएगा कि वे मंडल, ब्लॉक और ग्राम समितियों का गठन स्वतंत्र रूप से कर सकें।




पर्यवेक्षक ने बताया कि अगले सात दिनों तक टीम विभिन्न प्रखंडों और गांवों में जाकर जमीनी हकीकत का आकलन करेगी। प्राप्त आवेदनों और फीडबैक के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर दिल्ली स्थित एआईसीसी एवं प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जाएगी। इस प्रक्रिया के तहत आवेदन आगामी समय में जिलाध्यक्ष की अनुशंसा के बिना विधानसभा या लोकसभा टिकट मिलना कठिन होगा। फॉर्म भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक संगठन में स्थान दिया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी विवेक कुमार सिन्हा, जिलाध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कांग्रेस महासचिव, प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद यादव, राजकुमार केशरी, भागवत सिंह यादव, कवि अलवेला जी, प्रिंस मिस्त्री, रामजी मिस्त्री सहित कई कार्यकर्ता उप. स्थित रहे।

इससे पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पर्यवेक्षकों का स्वागत शेख अब्दुल्ला मोड़ से मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर किया गया। कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए पहुंचे और सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा के समर्थन में भी जोरदार नारे लगाए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।






# नूरसराय में नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

## महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ मौके पर पहुंची टीम, पॉक्सो एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, ।**
नूरसराय(नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के मकनपुर दहपर गांव में गुरुवार (19 फरवरी 2026) को एक नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। घटना की सूचना दोपहर करीब 1रू30 बजे पुलिस को मिली, जिसके बाद थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद थानाध्यक्ष नूरसराय महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़िता का फर्दबयान दर्ज किया। इस आधार पर नूरसराय थाना कांड संख्या 107/26, दिनांक 19.02.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 75, 76, 352 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8/12 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई।

मामले में संलिप्त आरोपी नरोतम कुमार (पिता दृ सत्यदेव प्रसाद), निवासी दरुआरा, थाना नूरसराय, जिला नालंदा को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

घटनास्थल का निरीक्षण अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर–02), बिहारशरीफ द्वारा किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रेतर अनुसंधान जारी है और आवश्यक विधि–सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

इधर, घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है। प्रशासन के अनुसार, फिलहाल इलाके में विधि–व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# जरासंध जयंती कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर मतभेद पूर्व जिला सचिव ने की सर्वसम्मति से आयोजन की अपील

**केशववाणी बिहारशरीफ/राजगीर।** राजीव रंजन कुमार चंद्रवंशी, पूर्व जिला सचिव, ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा संगठन (नालंदा), ने जरासंध जयंती तथा राजगीर में स्थापित जरासंध मूर्ति की पहली वर्षगांठ के आयोजन को लेकर अपनी सार्वजनिक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कार्यक्रमों के संचालन और सहभागिता को लेकर संगठन के भीतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

राजीव रंजन कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि अब तक हुए कार्यक्रमों में श्याम किशोर की प्रमुख भूमिका रही है, किंतु उन्होंने आग्रह किया कि भविष्य में किसी भी सामाजिक या सामुदायिक आयोजन में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि कार्यक्रम से पूर्व संबंधित सभी लोगों को औपचारिक पत्र देकर सूचित किया जाना चाहिए, ताकि सभी अपनी राय दे सकें और अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।

इससे किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति से बचा जा सकता है।उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक व्यक्ति, विशेषकर निशांत जी, को निशाना बनाना उचित नहीं है। उनके अनुसार यदि किसी कार्यक्रम के आयोजन में कोई त्रुटि या विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी संगठन के जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला कोषाध्यक्ष जैसे पदाधिकारियों की होती है। किसी एक व्यक्ति को अनावश्यक रूप से आरोपित करना या परेशान करना उचित नहीं है।

राजीव रंजन कुमार चंद्रवंशी ने अपील की कि सभी मंचों और पदाधिकारियों को एक साथ बैठकर संवाद स्थापित करना चाहिए तथा आपसी समन्वय से कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों की सफलता सामूहिक भ. ागीदारी और पारदर्शिता पर निर्भर करती है, इसलिए सभी को संगठित होकर आगे बढ़ना चाहिए।

# छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार करना शिक्षक को पड़ा महंगा, गये जेल

**केशववाणी नूरसराय। नालंदा** । प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय दहपर सरगांव में गुरुवार शिक्षक के द्वारा छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार करना महंगा पड़ा। महंगा इतना पड़ा कि गुरु जी जेल चले गये। इंस्पे. क्टर मनीष भरद्वाज ने बताया कि इस विद्यालय के नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ करने की सूचना गुरुवार को डेढ़ बजे के करीब नूरसराय थाना को प्राप्त हुआ।प्राप्त सूचना से वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराया गया साथ ही महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ घटनास्थल पहुंचकर पीड़िता नाबालिग छात्रा का फर्दव्यान दर्ज कर पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है।गिरफ्तार शिक्षक विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक दरुआरा गांव निवासी सत्यदेव प्रसाद के पुत्र नरोत्तम कुमार को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है।

